Duration : 60 Min.
Total Ques. : 50
Paper Type : H 1

An ISO 9001:2015 Certified Organization

GLOBAL COMPETITION SOCIETY

6
CLASS

ग्लोबल हिन्दी ओलम्पियाड–2017

दिए गए चार वाक्यों को सही क्रम में लगाइए।

1. (अ) महत्वपूर्ण होता जा रहा है (ब) जल संसाधन की कमी
(स) संचयन अब काफी (द) के कारण वर्षाजल का
(क) ब, द, स, अ (ख) अ, ब, द, स
(ग) स, अ, द, ब (घ) द, ब, स, अ
(ड.) इनमें से कोई नहीं

2. (अ) मानव नेत्र एक अत्यंत एवं सुग्राही
(ब) ज्ञानेंद्रिय है। यह हमें इस अद्‌भुत
(स) को देखने योग्य बनाता है
(द) संसार तथा हमारे चारों ओर के रंगों
(क) द, ब, स, अ (ख) स, द, ब, अ
(ग) अ, ब, स, द (घ) अ, ब, द, स
(ड.) इनमें से कोई नहीं

3. (अ) जिनमें कुछ भाग जैसे जड़, तना तथा
(ब) होकर नया पौधा उत्पन्न करते हैं
(स) ऐसे बहुत से पौधे हैं
(द) पत्तियां उपयुक्त परिस्थितियों में विकसित
(क) ब, अ, द, स (ख) स, अ, द, ब
(ग) स, द, ब, अ (घ) द, अ, ब, स
(ड.) इनमें से कोई नहीं

4. सूरदास के गुरू कौन थे?
(क) रामानंद (ख) रामदास
(ग) बल्लभाचार्य (घ) मध्वाचार्य
(ङ) इनमें से कोई नहीं

नीचे दिए गए शब्दो के विलोम शब्द का चयन कीजिए

5. अकर्मण्य
(क) आलसी (ख) सज्जन
(ग) समझदार (घ) परिश्रमी
(ड.) इनमें से कोई नहीं

6. हर्षित
(क) खुश (ख) उन्माद
(ग) संतुष्ट (घ) खफा
(ड.) इनमें से कोई नहीं

7. दक्षता
(क) सामर्थ्य (ख) असामर्थ्य
(ग) योग्यता (घ) प्रेरणा
(ड.) इनमें से कोई नहीं

8. ज्ञानमार्गी शाखा के कवियों को किस नाम से पुकारा जाता है?
(क) संतकवि (ख) नाथपंथी कवि
(ग) सिद्धकवि (घ) भक्त कवि
(ङ) इनमें से कोई नहीं

9. "आँख का नीर ढल जाना" मुहावरे का क्या अर्थ है?
(क) मरते समय आँसू बहाना (ख) निर्लज्ज हो जाना
(ग) निरूत्साहित होना (घ) निप्रभ होना
(ङ) इनमें से कोई नहीं

10. "दल, टोली, पुंज, वृन्द" किस शब्द के पर्यायवाची है?
(क) समुह (ख) रात
(ग) वायु (घ) माता
(ङ) इनमें से कोई नहीं

11. "कुटी, विहार, मठ, संघ, अखाड़ा" किस शब्द के पर्यायवाची है?
(क) हिमालय (ख) सरोवर
(ग) घर (घ) आश्रम
(ङ) इनमें से कोई नहीं

12. "दुर्जन, कुटिल" किस शब्द के पर्यायवाची है?
(क) दुश्ट (ख) रावण
(ग) आग (घ) दास
(ङ) इनमें से कोई नहीं

13. रस का शाब्दिक अर्थ है–
(क) आनंद (ख) मनोरंजन
(ग) भावुकता (घ) आत्मीयता
(ङ) इनमें से कोई नहीं

14. हेय का विलोम शब्द क्या होगा?
(क) हास्य (ख) हार
(ग) ग्राह्य (घ) ग्राम्य
(ङ) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या १ से ५ तक के उत्तर दीजिए:

गाय का यूं तो पूरी दुनिया में काफी महत्व है, लेकिन भारत के संदर्भ में बात की जाए तो प्राचीन काल से यह भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। चाहे वह दूध का मामला हो या फिर खेती के काम में आने वाले बैलों का। वैदिक काल में गायों की संख्या व्यक्ति की समृद्धि का मानक हुआ करती थी। दुधारू पशु होने के

कारण यह बहुत उपयोगी घरेलु पशु है।

गाय का दूध बहुत ही पौष्टिक होता है। यह बीमारों और बच्चों के लिए बेहद उपयोगी आहार माना जाता है। इसके अलावा दूध से कई तरह के पकवान बनते हैं। दूध से दही, पनीर, मक्खन और घी भी बनता है। गाय का घी और गोमूत्र अनेक आयुर्वेदिक औषधियाँ बनाने के काम भी आता है। गाय का गोबर फसलों के लिए सबसे उत्तम खाद है।

अन्य पशुओं की तुलना में गाय का दूध बहुत उपयोगी होता है। बच्चों को विशेष तौर पर गाय का दूध पिलाने की सलाह दी जाती है क्योकि भैंस का दूध जहाँ सुस्ती लाता है, वहीं गाय का दूध बच्चों में चंचलता बनाए रखता है। माना जाता है कि भैंस का बच्चा दूध पीने के बाद सो जाता है, जबकि गाय का बछड़ा अपनी माँ का दूध पीने के बाद उछल–कूद करता है।

15. गाय का महत्व सबसे अधिक किस देश में है ?

(क) जापान में (ख) भारत में
(ग) अमेरिका में (घ) अफ्रीका में
(ड.) इनमें से कोई नहीं

16. फसलों के लिए सबसे उत्तम खाद क्या है?

(क) यूरिया (ख) कबाड़
(ग) गाय का गोबर (घ) राख
(ड.) इनमें से कोई नहीं

17. गाय के दूध से कई तरह के .... बनते हैं।

(क) फल (ख) सब्जी
(ग) पकवान (घ) सामान
(ड.) इनमें से कोई नहीं

18. गाय का बछड़ा अपनी माँ का दूध पीने के बाद क्या करता है?

(क) सो जाता है (ख) घास खाने लगता है
(ग) उछल–कूद करता है (घ) सुस्त हो जाता है
(ड.) इनमें से कोई नहीं

19. गोमूत्र किस काम आता है?

(क) पकवान बनाने में
(ख) आयुर्वेदिक औषधियाँ बनाने में
(ग) फल पकाने में
(घ) उपरोक्त सभी
(ड.) इनमें से कोई नहीं

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

20. अच्छा कारीगर .... से मिलता है।

(क) असानी से (ख) मुश्किल
(ग) अच्छे काम (घ) बुरी संगत से
(ड.) इनमें से कोई नहीं

21. जो संतोषी होते हैं, वे सदैव .... होते हैं।

(क) दुःखी (ख) सुखी
(ग) समृद्ध (घ) स्वार्थी
(ड.) इनमें से कोई नहीं

22. राष्ट्र के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति .... है।

(क) सच्चा राष्ट्र भक्त (ख) देशद्रोही
(ग) बुरा (घ) समृद्धशाली
(ड.) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित को सही क्रम में लगाइए।

23. (अ) राजस्थान राज्य में स्थित है
(ब) हवा महल जयपुर में है
(स) यह एक पर्यटक स्थल है
(द) यहाँ हर वर्ष बहुत से पर्यटक आते हैं

(क) ब, अ, स, द (ख) अ, द, ब, स
(ग) अ, स, ब, द (घ) ब, द, स, अ
(ड.) इनमें से कोई नहीं

24. (अ) दीपावली भारत का प्रसिद्ध त्योहार है।
(ब) यह अक्टूबर या नवम्बर के महीने में आता है।
(स) दीपावली का त्योहार दशहरे के बाद आता है।
(द) लोग इस दिन अपने घरों में घी के दीपक जलाते है।

(क) अ, ब, द, स (ख) स, द, ब, अ
(ग) अ, द, ब, स (घ) अ, स, ब, द
(ड.) इनमें से कोई नहीं

सबसे उपयुक्त विकल्प का चुनाव करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

25. संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को ....

(क) सर्वनाम कहते हैं
(ख) कारक कहते हैं
(ग) विशेषण कहते हैं
(घ) क्रिया कहते हैं
(ड.) इनमें से कोई नहीं

26. इनमें से "हम" कौन सा सर्वनाम है ?

(क) पुरूषवाचक (ख) निश्चयवाचक
(ग) अनिश्चयवाचक (घ) संबंधवाचक
(ड.) इनमें से कोई नहीं